an>

Title:

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : महोदया, मेरे भिवंडी संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 3 पर, भिवंडी बाईपास रोड़ पर बीओटी पिछले 28 सालों से दिया गया है। उसका कार्यकाल सन् 2018 तक है। लेकिन सन् 2010 में एक सर्वे किया गया, तो सन् 2010 में ही सन् 2017 की ट्रैफिक यातायात यहां पर चल रही है। इसका मतलब यह है कि उस रोड़ पर बहुत ज्यादा पैमाने पर ट्रैफिक है। अभी यह रोड़ 4 लेन का है और टोल कलैक्शन भी सन् 2010 की ट्रैफिक सन् 2017 में चलने की वजह से रोजना 55 लाख से 60 लाख की टोल कलैक्शन है। रोड फोर लेने होने की वजह से भी वहाँ हर दिन ट्रैफिक जाम रहता है। वह रोड 8 लेन होना जरूरी है। वहाँ अंडर पास नहीं है। अंडर पास नहीं होने की वजह से जो रास्ते में गाँव आते हैं, अगर उन गाँव के लोगों को रास्ता क्रॉस करना है, अगर एक गाड़ी क्रॉस करनी है तो दस मिनट तक वहाँ रूकना पड़ता है। वहाँ सर्विस रोड भी नहीं है। इसकी वजह से वहाँ बड़े पैमाने पर एक्सीडेंट्स होते हैं और सालाना डेढ़ सौ से दो सौ लोगों की मौत होती है।

महोदया, मेरी आपके माध्यम से सरकार से गुजारिश है कि जल्द से जल्द यह टेंडर वाइंड अप करके नया टेंडर आमंत्रित करके 8 लेन रोड बनाने की शुरूआत की जाए और सर्विस रोड, अंडर पास बनाकर वहाँ होने वाले एक्सीडेंट्स को रोका जाए और लोगों को राहत दी जाए।